**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**


## अनेकता में एकता और वैविध्य का केंद्र एक जैसा है : प्रो. कुमुद शर्मा

उत्तरपूर्वी छात्र समूह की प्रस्तुति

दिखाई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक

वर्धा, 12 मार्च, 2025 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में उत्तरपूर्वी छात्र समूह की ओर से बुधवार, 12 मार्च को कस्तूरबा सभागार में उत्तरपूर्वी भारत की संस्कृति का प्रदर्शन कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने आशीर्वचन में कुलपति ने कहा कि भारत का उत्तर पूर्वी क्षेत्र अपने प्राकृतिक सौदर्य, हरियाली और पहाडों के कारण सबको आकर्षित और आनंदित करता है। उन्होंने कहा कि हम एक जैसी ही परांपराओं में विश्वास करते हैं। हमारे नियम और इतिहास







बोध एक जैसे ही हैं। अनेकता में एकता और वैविध्य का केंद्र भी एक जैसा है, चाहे पूर्वोत्तर हो या दक्षिण। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से सम्मोहित हुई हूँ। विद्यार्थियों के नृत्य और गीतोंने पूर्वोत्तर को जिवंत बना दिया है। इससे संस्कृति को निकट से जाना जा सकता है। कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा के कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला कार्यक्रम था,जिसमें खचाखच भरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच विद्यार्थियों में उत्साह भर दिया।


---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

इस अवसर पर उत्तरपूर्वी छात्र समूह की ओर से पारंपरिक अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नागालैण्ड का तितली लोकनृत्य, मिज़ोरम का बांस नृत्य प्रस्तुत कर समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई। कार्यक्रम के दौरान रजनीश कुमार शेखर और अदिबम ने उत्तरपूर्व के स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण करते हुए उनके योगदान का परिचय भी दिया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के डॉ. हेमचंद्र ससाने एवं डॉ. सुहासिनी बाजपेयी ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन के. पुलोंग व सरस्वती ने किया। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षा विभाग के डॉ. हेमचंद्र ससाने, डॉ. धीरज मसराम व डॉ. प्रमोद जोशी ने किया।

इस अवसर पर मंच पर विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, हिंदी साहित्य विभाग के एसोशिएट प्रो. अशोक नाथ त्रिपाठी, आतंरिक संपरीक्षा अधिकारी डॉ. पीयूष पतंजलि उपस्थित थे। कार्यक्रम में अध्यापन, शोधार्थी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**विविधतेत एकता आणि विविधतेचे केंद्र एकच : प्रो. कुमुद शर्मा**

उत्तरपूर्वी विद्यार्थी समूहाचे सादरीकरण

दाखवली समृद्ध सांस्कृतिक वारशाची झलक

वर्धा, १२ मार्च २०२५: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात उत्तपूर्व विद्यार्थी समूहाच्या वतीने बुधवार, १२ मार्च रोजी कस्तुरबा सभागृहात उत्तरपूर्व भारतातील संस्कृती प्रदर्शनाच्या कार्यक्रमाचे उद्घाटन कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनी दीप प्रज्ज्वलन करून केले. आपल्या आशीर्वचनात कुलगुरू म्हणाल्या की भारताचे उत्तर पूर्वी क्षेत्रात आपले नैसर्गिक सौंदर्य, हिरवळ आणि पर्वतांमुळे सर्वांना आकर्षित आणि आनंदित करते. त्या म्हणाल्या की आम्ही त्याच परंपरांवर विश्वास ठेवतो. आमचे नियम आणि इतिहासाची समज सारखीच आहे. एकता आणि विविधतेचे केंद्र एकच आहे, मग ते ईशान्य असो वा दक्षिण. विद्यार्थ्यांनी सादर केलेल्या सांस्कृतिक सादरीकरणांचे कौतुक करताना एकामागून एक सादरीकरणे पाहून त्या मंत्रमुग्ध झाल्याचे त्यांनी सांगितले. विद्यार्थ्यांच्या नृत्य आणि गाण्यांनी पूर्वोत्तरला जिवंत केले आहे. याद्वारे संस्कृतीला जवळून जाणून घेऊ शकतो असेही त्या म्हणाल्या. कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनी पदभार स्वीकारल्यानंतर त्यांचा हा पहिलाच कार्यक्रम होता. खचाखच भरलेले सभागृह टाळ्यांच्या कडकडाटात विद्यार्थ्यांमध्ये उत्साह भरून गेला. यावेळी ईशान्येकडील विद्यार्थी समूहाने त्यांचे पारंपारिक वस्त्र आणि फुलांचा गुच्छ देऊन स्वागत केले. कार्यक्रमात, विद्यार्थ्यांनी नागालँडचे लोकनृत्य आणि मिझोरमचे बांबू नृत्य सादर केले, यातून समृद्ध सांस्कृतिक वारशाची झलक दिसून आली. कार्यक्रमादरम्यान रजनीश कुमार शेखर आणि आदिबम यांनी उत्तरपूर्वेकडील स्वातंत्र्यसैनिकांचे स्मरण केले आणि त्यांच्या योगदानाची ओळख करून दिली. यावेळी शिक्षण विभागाचे डॉ. हेमचंद्र ससाने आणि डॉ. सुहासिनी बाजपेयी यांनी संबोधित करून विद्यार्थ्यांना प्रोत्साहन दिले. कार्यक्रमाचे संचालन के. पुलोंग व सरस्वती यांनी केले. कार्यक्रमाचे संयोजन शिक्षण विभागाचे डॉ. हेमचंद्र ससाने, डॉ. धीरज मसराम व डॉ. प्रमोद जोशी यांनी केले.

या वेळी विधी विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, हिंदी साहित्य विभागाचे असोशिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, आतंरिक लेखापरीक्षण अधिकारी डॉ. पीयूष पतंजली उपस्थित होते. याप्रसंगी शिक्षक, शोधाथी व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.